# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: coe@suksn.edu.in

## अधिसूचना

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 10—08—2026 के बिन्दु सं0—3 में की गयी संस्तुति के आलोक में आगामी सत्र 2026—27 से आयोजित विभिन्न परीक्षाओं की प्रायोगिक/मौखिकी/रिसर्च प्रोजेक्ट एवं आन्तरिक मूल्यांकन हेतु निम्नलिखित व्यवस्था लागू की जाती है—

1— सत्र प्रारम्भ होने के एक माह बाद लिखित परीक्षा के आन्तरिक अंक पूरित करने हेतु सतत मूल्यांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाए। प्रथम चरण में छात्र की उपस्थिति व आन्तरिक परीक्षण (टेस्ट) कराकर प्राप्त अंक रखे जाए एवं दो माह उपरान्त असाइमेन्ट का मूल्यांकन कर अंक रखे जाए। यदि छात्र आन्तरिक परीक्षा के दिन उपस्थित नहीं रहता है तो उसके पूर्व में सतत मूल्यांकन में प्राप्त सर्वाधिक अंक को, उसका आन्तरिक अंक मानते हुए प्रदान किये जाए।

2— आगामी परीक्षा से प्रायोगिक/मौखिकी/रिसर्च प्रोजेक्ट में सर्वप्रथम मौखिकी व प्रायोगिक परीक्षा के अंक पूरित किये जाए उसके बाद रिसर्च प्रोजेक्ट के अंक प्रदान किये जाए। यदि प्रायोगिक/मौखिकी में छात्र अनुपस्थित है तो उसके रिसर्च प्रोजेक्ट का मूल्यांकन न किया जाए यदि इसका उल्लंघन किया जाता है तो सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य/विषय के शिक्षक व वाह्य परीक्षक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

यदि आन्तरिक अंक की सतत मूल्यांकन में छात्र कोई अंक प्राप्त नहीं करता है तो उसे लिखित परीक्षा से वंचित किए जाए व उसे शून्य अंक प्रदान किये जाए।

उपरोक्त के उल्लंघन करने पर सम्बन्धित महाविद्यालय एवं सम्बन्धित परीक्षक को आगामी प्रायोगिक/मौखिकी/रिसर्च प्रोजेक्ट की परीक्षा से एक वर्ष के लिए वंचित कर दिया जाएगा।

**नोट 1—लिखित परीक्षा के आन्तरिक अंक की सूची ऑनलाइन अंक पूरित करने हेतु पोर्टल खुलने से पूर्व तैयार कर ली जाए। सूची के प्रत्येक कालम को पूर्ण रूप से भरा जाए व इस पर सम्बन्धित शिक्षक/परीक्षक का अनिवार्य रूप से नाम व हस्ताक्षर किया जाए। आन्तरिक अंकों की तैयार की गई सूची को पोर्टल पर पूरित करने से पूर्व व्हाटसएप मो0 नं0 8787050828 व ई—मेल पता marks@suksn.edu.in पर प्रेषित कर दें।**

**2—आन्तरिक अंक पूरित करने हेतु विश्वविद्यालय से पोर्टल जब खोला जाए, इस अवधि में सूची के छात्रों को प्रदत्त अंक ऑनलाइन पूरित कर दिये जायें। यदि क्रमांक 1 का पालन नहीं किया जाता है तो ऑनलाइन आन्तरिक अंक जो पूरित किया जायेगा, उसे अमान्य कर दिया जायेगा।**

**परीक्षा नियंत्रक**

पत्रांक—5786/प0सा0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 19—08—2026

**प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त के आलोक में आयोजित परीक्षाओं में लागू कराना सुनिश्चित करें।
2. वित्त अधिकारी/कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. समस्त संकायाध्यक्ष, सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. समस्त प्रभारी/विभागाध्यक्ष, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी, सिद्धार्थ वि0वि0क0,सि0।
6. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
7. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
8. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

**परीक्षा नियंत्रक**